# परिवादी की शिकायतो को गंभीरता से लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : डॉ. सौम्या झा

- जनसुनवाई में कहा कि अधिकारी हर परिवादी की शिकायत को गंभीरता से लें और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। साथ ही, समस्याओं का स्थाई समाधान करें, ताकि परिवादी बार-बार अपनी समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में नहीं आए

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कहा कि अधिकारी हर परिवादी की शिकायत को गंभीरता से लें और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। साथ ही, समस्याओं का स्थाई समाधान करें, ताकि परिवादी बार-बार अपनी समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में नहीं आए।

राज्य सरकार की मंशानुसार अधिकारी परिवादी की समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। यदि परिवादी की समस्या का समाधान किया जाना संभव नहीं हो तो उसे लिखित में जवाब दिया जाए। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में विभिन्न उपखंडों एवं ग्राम पंचायतों से आए परिवादियों की समस्याओं को सुना।



जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने जनसुनवाई में अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

साथ ही, जिला अधिकारियों एवं वीसी से जुड़े ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि रास्तों पर हो रहे अतिक्रमणों हटाया जाए। जिला कलेक्टर के समक्ष टोंक शहर के अर्जुन ने अतिक्रमण हटाने, पुरानी टोंक के हरभजन ने पानी की सप्लाई करने, भगवान ने जमादार को लगाने, घनश्याम ने नाले की सफाई करने, अजय ने सीवरेज पाइप लाइन डालने, सोहन ने वेतन दिलवाने, कमलेश सैनी एवं मोहम्मद लुकमान ने अतिक्रमण हटाने, बहीर के अख्तर मियां ने नाले का निर्माण करने, अंबिका कॉलोनी की खुशी ने स्कूटी दिलवाने की गुहार लगाई।

जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि आपके कार्यालय में आने वाले परिवादियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें। जनसुनवाई में एडीएम रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, एसडीएम हुक्मीचंद रोहलानिया, डीएसपी राजेश विद्यार्थी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, तहसीलदार मानवेंद्र जायसवाल, सीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी जलदाय विभाग के अधीक्षण राजेश गोयल समेत अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### स्थापना महोत्सव 31 को

**भरतपुर, (निस)।** समता आंदोलन का 18वां स्थापना महोत्सव 31 मई को सायंकाल 5:30 बजे से गिरीश रिसॉर्ट भरतपुर पर मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने बताया कि इस महोत्सव में भरतपुर संभाग के जिलों भरतपुर डीग धौलपुर करौली व सवाईमाधोपुर के समतावादी महिला पुरुष भाग लेंगे।इस अवसर पर मुख्य वक्ता समता आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा होंगे एवं उनके साथ राष्ट्रीय स्तर के अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित होंगे जिनके ओजस्वी व संवैधानिक विचार सुनने को मिलेंगे।

### पौधारोपण कर बेटी का जन्मदिन मनाया

**सांभरझील।** शाकंबरी युवा संगठन के महासचिव विजय प्रजापति ने आज अनेक धार्मिक स्थलों पर पौधारोपण कर बेटी माही के जन्मदिन पर सभी से अपील की, कि वे पर्यावरण सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा हरियाली को बढ़ावा दें। इस मौके पर वकील अरविंद सिंह खंगारोत, वकील सुनील शर्मा, समाजसेवी राम सिंह बन्ना, मंगलचंद प्रजापत, आशीष साहू, कारपेंटर दिनेश शर्मा सहित सभी ने एक-एक पौधा बिटिया के नाम से लगाने का संकल्प लिया। कायस्थ समाज के शैलेश उर्फ शैलेंद्र माथुर ने माही के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की।

### बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज समिति की महिला मंडल की बैठक अध्यक्ष लाजवंती देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन भवन में ग्रीष्मकालीन हॉबी क्लासेज लगाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें डांस क्लास, योगा, जुड़े कराटे एवं ब्यूटीशियन, म्यूजिक क्लास, कुकिंग क्लासेज लगाने का निर्णय लिया गया। जिसमें अग्रवाल समाज के बालक बालिकाएं एवं महिलाएं भाग ले सकेंगी। इस दौरान महिला मंडल की सदस्य ईन्दू अग्रवाल, दीप्ति बंसल, रेणू अग्रवाल, मीनू बंसल, रागिनी बंसल, बीना गोयल, चंदा अग्रवाल, अल्का बंसल, रेणू जिंदल सहित समाज की अन्य महिलायें मौजूद रही।

### बैठक आयोजित

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को आमजनों की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादो का शीघ्र निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कुल 86 प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमे नामांतरण खुलवाने, सीमा ज्ञान करवाने, पटवारी हल्का शेरपुर एवं गिरधावर खिलचीपुर द्वारा न्यायालय के आदेशों की पालना करवाने, एवं दुबी बनास में हो रहे अतिक्रमणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने एवं अतिक्रमियों को पाबंद करने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को जिला कलेक्टर ने दिए।

### उद्घाटन किया

**भरतपुर (निस)।** ग्राम पचांयत रारह में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान प्लास्टिक से मुक्ति हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग होने वाली प्लास्टिक से मुक्ति हेतु बर्तन बैंक की योजना के तहत बर्तन बैंक का उद्घाटन ग्राम पंचायत रारह की सरपंच कुसुम सिंह एवं पचायंत समिति कुम्हेर के सहाकय विकास अधिकारी महेश सिनसिनवार द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। स्टीक के बर्तनों के 400 सेट (थाली, गिलास-कटोरी, चमच्च) राजीविका महिला समूह को भेंट किये गये। इस योजना का संचालन राजीविका समूह की महिलाओं के द्वारा किया जाएगा। जो कि स्टील के बर्तनों को शादी में काम आने वाले प्लास्टिक के गिलास थाली के स्थान पर उपयोग करने हेतु ग्रामीणों को उचित दर पर किराए पर उपलब्ध करववा कर वातावरण को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए किया जाएगा।

### युवा कांग्रेस की बैठक का आयोजन

**टोंक।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक का आयोजन डाक बंगले पर हुआ, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हंसराज गुंजल ने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि राजस्थान के प्रदेश प्रभारी मनीष चौधरी रहे, जिन्होने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कांग्रेस की विचारधारा को आमजन जब तक पहुँचाने के लिए युवा कांग्रेस को जिले में मजबूत करना होगा इसके लिए यह हर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गाँव स्तर मजबूत करना होगा।

## वाटर कूलर किया भेंट

**श्रीमाधोपुर** ।कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पोलादास में श्रीमाधोपुर निवासी नवरत्न गोपालका ने विद्यालय में एक 120 लीटर स्टोरेज वॉटर कुलर स्कूल में भेंट किया । विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु मंगावा ने बताया कि नवरत्न गोपालका ने अपनी माता स्वर्गीय गीता देवी की पुण्य स्मृति मे वाटर कूलर विद्यालय में मय स्टैंड टेन सेट सहित लगाया जिसका शुभारंभ नंदकिशोर गोपालका ने किया। विद्यालय में वाटर कूलर लगने से बच्चों को गर्मी में पानी की समस्या से परेशान नहीं होना पड़ेगा वहीं छात्र-छात्राओं को विद्यालय में ठंडा पेयजल प्राप्त होगा । इस मौके पर सुनीता गोपालका, चौथमल गोपालका, प्रमोद गोपालका, रविंद्र गोपालका, पंकज गोपालका, हेमंत गोपालका, मक्खन बाकोलिया, पिंटू सैनी, बलदेव सैनी, ग्यारसी लाल सैनी, सांवरमल, सुरेश कुमार जाट, सुरेंद्र कुमार निठारवाल, सुमन, शारदा, ग्यारसी देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा - परामर्श शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**पावटा।** प्रहलाद सहाय गिठाला की प्रथम पुण्यतिथि पर ग्राम तुलसीपुरा में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड प्रतिनिधि व युवा नेता आशीष धनकड के मुख्य आतिथ्य मे निशुल्क चिकित्सा व परामर्श शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

आयोजकर्ता अनिल चौधरी निजी सहायक विधायक विराटनगर सुनील गिठाला राकेश गिठाला विकास गिठाला ने बताया कि शिविर में निम्स अस्पताल एवं डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन के चिकित्सकों की टीम द्वारा 213 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया। शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच कर नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया। जांच के बाद 27 मरीजों को आंखों व अन्य बीमारी संबंधित आपरेशन व नि:शुल्क ईलाज के लिए अस्पताल में भिजवाया गया। जिसमें निम्स अस्पताल के शिविर



शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच कर नि:शुल्क दवाई वितरण किया।

प्रभारी विष्णु कुमावत, नीरज जाटावत, रामरतन गूर्जर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अनामिका, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश्वरी गोदारा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ध्रुव, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित एवं नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं प्रदान की।

वही कार्यक्रम में युवा नेता आशीष धनखड़, भांकरी पूर्व सरपंच हेमंत धनखड, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के पूर्व वाईस चेयरमैन नरपतसिंह शेखावत, पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड, भूमि विकास बैंक बैंक के अध्यक्ष रोहतास ताखर, मदन सैनी, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, तुलसीपुरा पूर्व सरपंच जयराम गिठाला, सरपंच प्रतिनिधि मण्ढा शेर सिंह शेखावत, मण्डल प्रागपुरा मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत, विशाल डेयरी डायरेक्टर सुरेंदर पलसानिया, एसके अस्पताल डायरेक्टर वीरेंद्र गढ़वाल, युवा नेता अमनदीप खोजा, रामकरण यादव युवा नेता शहिद सुबेसिंह संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनील राठी, उपसरपंच सोठाना रामकरण छावड़ी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, सत्यनारायण स्वामी, सुरेंदर पलसानिया, मनोज चौधरी, अमित गजराज सरपंच वीर तेजाजी नगर, ओपी बायला, प्रकाश डुचानीया, धर्मेंद्र गिठाला, रामस्वरूप गिठाला, कैलाश गिठाला, रमेश गिठाला, सुनील डुचानीया,जीतु योगी,अजय गिठाला, उमेश गिठाला यादराम यादव लोकेश लील सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## तहसीलदार द्वारा अवरूद्ध कराये गये रास्ते को पुन: किया शुरू

- खनन माफियाओं के हौंसले बुलन्द,रातों रात खनन व क्रेशर माफिया ने जबरन खोला रास्ता
- ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को करवाया अवगत, कलक्टर ने शीघ्र कार्यवाही का दिया आश्वासन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास में इन दिनों खनन माफियाओं के हौंसले इतने बुलन्द है कि वे ना केवल नियम कायदे ताक पर रख कर अवैध खनन कार्य को अन्जाम दे रहे हैं। बल्कि अधिकारियों द्वारा कि गई कार्यवाही को भी धत्ता बता रहे हैं। गौरतलब है कि मन्दिर भूमि व चारागाह भूमि से होकर नदी क्षेत्र में अवैध रूप से निकाले गये रास्ते को तहसीलदार रामधन गुर्जर द्वारा मय पुलिस जाप्ते के विगत 13 मई को अवरूद्ध कराया गया था। उसी रात्रि खनन व क्रेशर माफिया ने दोगुनी ताकत से पोकलेन, डम्फरों से जबरन रास्ता खोल लिया।

इसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरूवार को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में जिला कलक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को विस्तार से अवगत करवाया। जिस पर जिला कलक्टर ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि ग्राम पंचायत शुक्लावास की मन्दिर भूमि से क्रेशर माफिया द्वारा जबरन एवं अवैध रूप से रास्ता पुन: निकाल लिया गया है। जिसका उपयोग खनन सामग्री के परिवहन हेतु किया जा रहा है।

यह कार्य रातों-रात किया गया है, जो पूर्णत: गैर कानूनी है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 मई को तहसीलदार कोटपूतली द्वारा पुलिस जाप्ता सहित मौके पर पहुंचकर उक्त अवैध रास्ते को हटाया गया था। इसके बावजूद संबंधित लोगों ने दोबारा अवैध गतिविधि को अंजाम देते हुये बाहुबल से उसी रात प्रशासन द्वारा अवरूद्ध किये रास्तों को पुन: बना लिया है। उक्त भूमि ग्राम पंचायत की मन्दिर भूमि व चारागाह भूमि है जो ग्रामवासियों एवं मवेशियों की सामूहिक संपत्ति है। इस पर अवैध कब्जा एवं रास्ता निकालना ना केवल नियमों के विरुद्ध है बल्कि यह ग्रामीण हितों के साथ भी अन्याय है। ग्रामीणों ने अनुरोध किया कि इस गंभीर प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जायें एवं मन्दिर भूमि व चारागाह भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जायें। जिस पर जिला कलक्टर ने शीघ्र कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर सहित पुलिस, माइनिंग विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान दलीप पहलवान, रंगलाल आर्य, सतवीर यादव, ग्यारसी लाल आर्य, रोहिताश यादव, सुरेश जाजडिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जनसुनवाई में 142 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

**अलवर।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई जिसमें 142 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की।

जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व अन्य माध्यम से भी आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 142 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व की अतिक्रमण हटाने से संबंधित, आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में शहर के देहली दरवाजा के पास, लक्ष्मणगढ के ग्राम नारनोलखुर्द, नारनोल कलां व ग्राम लीली, राजगढ के ग्राम सकट, रैणी के ग्राम उकेरी, मालाखेडा के ग्राम माधोगढ में आम रास्ते एवं भूमि पर किए गए अतिक्रमण आदि की परिवेदनाएं प्रस्तुत होने पर जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कर नियमानुसार अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार अलवर शहर के स्कीम नं. 10 बी में जाटव बस्ती वार्ड नं. 4 एवं एरोड्रम रोड की तरफ नाले की सफाई व कचरा उठाव कराने, देहली दरवाजा के फरियादी ने विशेष योग्यजन सुखद दाम्पत्य योजना का लाभ दिलवाने, लक्ष्मणगढ के हसनपुर के फरियादी ने बंधोरी बांध पर बने एनीकट को पक्का करवाने, मालाखेडा के ग्राम रतनगढ निवासी फरियादी ने ढाणी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते को पक्का करवाने, प्रतापगढ के ग्राम पिपलाई के फरियादी ने ऊंटवंश पंजीकरण प्रोत्साहन की द्वितीय किश्त का भुगतान दिलवाने, राजगढ के सकट निवासी दिव्यांग फरियादी ने इलेक्ट्रिक स्कूटी दिलवाने की परिवेदनाएं प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें।

## 'नगरपालिका क्षेत्र में करोड़ों रूपए की लागत से होंगे विकास के कार्य'

- करोडों रूपए की लागत से होगा पेयजल टंकी का निर्माण

**निवाई।** शहर के वार्ड नंबर 6 खंगारों के मोहल्ले में पानी की टंकी का विधिवत्त पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास किया गया। शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रहे नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता व पार्षद भानु कुमावत ने विधिवत भूमि पूजन करके शिलान्यास किया। इस दौरान वार्ड वासियों द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में करोड़ों रूपए की लागत से आमजन की सुविधा के लिए कई विकास के कार्य किए जा रहे हैं। शहर में सिवरेज सहित बस स्टैंड का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। वहीं निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में पेयजल को लेकर कार्य प्रगति पर है। कुछ ही दिनों में उप जिला अस्पताल का विकास कार्य भी शुरू होगा। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि निवाई शहर में करोड़ों रूपए की लागत से आमजन की सुविधा के लिए पेयजल सुविधा हेतु टंकी का निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व विधायक रामसहाय वर्मा के अथक प्रयासों से आमजन को सुविधा हेतु टंकी की स्वीकृति हुई है।

उन्होंने बताया कि वाल्मीकि समाज के लिए सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया गया है और जल्द ही 80 फीट रोड पर स्थित सामुदायिक भवन के समीप 10 करोड़ रूपए की लागत से सेंट्रल पार्क का निर्माण किया जाएगा। समारोह में जयपुर नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, पार्षद परसराम कुमावत, नितिन छाबड़ा, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, शालू कुमावत, जीतू विजय, जितेंद्र धरवाल, पूर्व सरपंच कैलाश नटवाड़ा, रामचरण पारीक, केदार चौधरी व नगेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




खंगारों के मोहल्ले में पानी की टंकी का शिलान्यास करते हुए विधायक वर्मा व पालिकाध्यक्ष इसरानी।

## जोधपुरा में श्याम भक्ति की बही गंगा

**नारायणपुर।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा के गाँव जोधपुरा में बीती रात्रि को श्री श्याम बाल कृष्ण मंडल के तत्वाधान में 19वां खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। श्याम संकीर्तन का आयोजन स्थानीय सरकारी विद्यालय के पास किया गया, जिसमें रात्रि भर श्याम बाबा के भजनों की अमृतवर्षा हुई और श्रद्धालु भक्त भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत अखण्ड ज्योत प्रज्ज्वलन एवं बाबा श्याम के अलौकिक श्रृंगार से हुई। इसके पश्चात गायक बीरबल साईवाड ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर जागरण का शुभारंभ किया। संकीर्तन से पूर्व शाम 4 बजे नारायणपुर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से लेकर जोधपुरा तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विभिन्न धार्मिक झांकियाँ मुख्य आकर्षण रहीं। रात्रिकालीन संकीर्तन में कलाकार प्रकाश गुर्जर, सविता चौधरी, देवेन्द्र चौधरी ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं डांसर सिमरन, निशा यादव, कैलाश छैला ने नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

## सार-समाचार

### सीबीएसई 10वीं में दृष्टि ने 97.2 प्रतिशत लाकर क्षेत्र व स्कूल का गौरव बढ़ाया

**पावटा।** छात्रा दृष्टि गौड ने 97.2 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉप किया है। छात्रा दृष्टि गौड सहित छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र व स्कूल का गौरव बढ़ाया। अधिकांश छात्रों का परिणाम प्रथम श्रेणी में आने से स्कूल में खुशी का महौल दिखा। परीक्षा में अव्वल रहने वाले छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य शालिनी चौधरी व शिक्षक राकेश गौड ने बताया कि सीबीएसई द्वारा जारी किए गए 10वीं की रिजल्ट में दा राजस्थान स्कूल कोटपुतली के विद्यार्थीयों ने अपनी प्रतिभा का परचम इस बार भी लहराया है। दृष्टि गौड ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं शिवि जांगिड कुमारी ने 96.4 प्रतिशत लाकर स्कूल में द्वितीय स्थान तथा तेजस्वी ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। दृष्टि गौड ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी फैमिली और टीचर्स को दिया। वो बताती हैं कि पढ़ाई के दौरान कई बार वो और उसकी वजह से फैमिली कई कार्यक्रम में नहीं गई, उसका सपना है डॉक्टर बनना। उसके पिता मोहन कुमार गौड व उनकी माता मनीषा रानी एक शिक्षिका है जिन्होंने पढ़ाई के दौरान काफी हेल्प की। दृष्टि गौड ने कहा कि वो इस रिजल्ट पर बहुत खुश है, जितना उसने सोचा था उससे अच्छा रिजल्ट रहा है।



### छात्राओं ने दी हस्तकला और सांस्कृतिक प्रतिभा की अनुपम प्रस्तुति

**श्रीमाधोपुर।** श्री आदर्श महिला बीएड कॉलेज में आयोजित एसयूपीडब्ल्यू (सामाजिक उपयोगी उत्पादक कार्य) शिविर के चतुर्थ दिवस पर रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी एवं प्राचार्य डॉ. बी.एल. सैनी ने बताया कि प्रथम सत्र में छात्राध्यापिकाओं द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से तैयार सजावटी एवं उपयोगी वस्तुएं शामिल रहीं। छात्राओं ने अपने कार्यों के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति और हस्तकला को संरक्षित रखने का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विचित्र वेशभूषा प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न परंपरागत व आधुनिक वेशभूषाओं को रोचक अंदाज़ में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे दिन की गतिविधियों ने छात्राओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ को सशक्त किया। उपस्थित स्टाफ एवं अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** ग्राम पंचायत राजनौता में गुरुवार को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विभाग संयुक्त निदेशक कार्यालय से लक्ष्मण गावरिया ने किसानों को रसायन मुक्त खेती करने की जानकारी देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती एक रसायन मुक्त खेती प्रणाली है जो पशुधन और पौधों के उत्पाद स्त्रोतों से प्राप्त इनपुट के साथ काम करती है। इसका लक्ष्य देश को सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है जो कम महंगे इनपुट का उपयोग करके और खरीदे गए इनपुट पर कम निर्भरता से उगाए जाते हैं। इसका उद्देश्य पूरे देश में रसायनों के बिना प्राकृतिक खेती जैसी खेती की तकनीकों को लोकप्रिय बनाना है। इस योजना का उद्देश्य वर्तमान खेती के तरीकों को बदलना है जिसमें कीट और रोग नियंत्रण के लिए रासायनिक उर्वरकों और कृषि रसायनों का उपयोग शामिल है और प्राकृतिक खेती प्रणाली को अपनाना है जो दिए गए कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों के भीतर मिट्टी, फसलों, कीट, रोग और कीट नियंत्रण प्रथाओं पर स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों और प्रथाओं के साथ सामंजस्य रखती है। वही कृषि विज्ञान केंद्र गोनेडा से डॉ. सरदार मल यादव ने किसानों को प्राकृतिक खेती जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत आदि पर विस्तृत जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी ममता यादव व कृषि पर्यवेक्षक सुमन जाट ने किसानों को विभागीय योजनाओं तारबंदी, फार्मपोंड, पाइपलाइन आदि की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में करीब 70 से अधिक किसानों ने भाग लिया। जिन्होंने प्राकृतिक खेती पर विशेषज्ञों से संवाद भी किया।

### भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि मनाई

**अलवर।** समाजसेवी जितेंद्र राठौड ने बताया कि आज स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट एकेडमी अलवर पर राजपूत समाज के द्वारा शेखावत जी कि पुण्यतिथि पर संगोष्ठी कि एवं फोटो पर पुष्प अर्पित किये उनके जीवन पर राजपूत समाज द्वारा प्रकाश डाला गया एवं शेखावात जी अमर रहे अमर रहे के नारे लगाए गए ! शेखावत जी का जीवन सरल एवं सादगी भरा था. उन्होंने अपने जीवन मे बहुत उतार चढ़ाव देखे. उनका जीवन राजस्थान को ऊंचाइयों पर ले जाने वाला था.उनका हमेशा कहना था मे दोस्त बनाता हु दुश्मन नहीं.. भाजपा को राजस्थान मे ऊचाईयों पर ले जाने मे बहुत बड़ा योगदान रहा. कार्यक्रम मे भूप सिंह,जितेंद्र राठौड़, युवराज सिंह, जितेंद्र सिंह पलवा,जितेंद्र राठौड़ दीपक तवर, सूबे सिंह, प्रेम सिंह,गोवेर्धन सिसोदिया उम्मेद सिंह चौहान, नरेन्द्र नरुका,रविराज चौहान, देवेंद्र सिंह, सोमवीर तवर, विक्रम चौहान,जसवंत राठौड़, विजय चौहान, विक्रम शेखावत,उदय सिंह भाटी, जीतेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जय हिंद के नारों से गूंजाया आसमान

**शाहपुरा ।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की ओर से जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, चौमू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र मीणा सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में गुरुवार को तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र से हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि भाजपा द्वारा पूरे भारत देश में सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र से हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय हिंद, भारत माता की जय, वंदे मातरम, आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से आसमान गूंज दिया। इस दौरान शाहपुरा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, सुनील बिहाजर, पार्षद रोशन सैनी, अर्जुन फौजी, धर्मेंद्र वर्मा, जगदीश बल्लीवाल सहित क्षेत्र से हजारों भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा रैली में शामिल हुए।

### दिव्यांग को मिली श्रवण उपकरण की सौगात

**राजगढ।** जनसुनवाई में जिला कलक्टर के समक्ष राजगढ निवासी श्रवण बाधित दिव्यांग मोनू सैनी ने सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने की परिवेदना प्रस्तुत की। जिस पर जिला कलक्टर ने तुरन्त सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को फरियादी को पात्रनुसार तत्काल सहायक उपकरण कराने के निर्देश दिये। विभाग के उप निदेशक ने फरियादी की पात्रता की जांच करते हुए श्रवण संबंधी उपकरण उपलब्ध कराने की कार्यवाही की। जनसुनवाई के दौरान ही फरियादी को जिला कलक्टर ने मौके पर ही श्रवण संबंधी उपकरण प्रदान किया। इस पर फरियादी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि श्रवण बाधा के कारण सुनने में बहुत परेशानी आती थी। अब श्रवण उपकरण मिलने से मेरी सुनने की समस्या का समाधान संभव हुआ है। फरियादी ने जिला कलक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसुनवाई में आना मेरे लिए सार्थक साबित हुआ है।

### सड़क पर भरा पानी, आमजन परेशान

**फुलेरा ।** स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नम्बर 2 की नरैना रोड़ के मध्य स्थित विजय नगर कॉलोनी के मुख्य मार्ग की सड़क पर बारिश का पानी भर जाने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय वासी प्रेम चन्द ने बताया कि मुख्य सड़क के पास प्रशासन द्वारा अभी कुछ समय पहले बड़ा नाला बनाया गया था। गौरतलब है कि उक्त नाले को रोड़ से करीब 2 फीट ऊंचाई पर बनाया गया है। जबकि पूर्व में बनी हुई सड़क उक्त नाले से नीचे हो गई। इसके चलते बारिश का पानी नाले में जाने के बजाय रोड़ पर ही इकट्ठा हो जाता है। इस कारण आम जनता को इधर से आने जाने में काफी परेशानी हो रही है।